**प्रेस नोट**

**जनपद सोनभद्र**

**दिनांक- 19.08.2025**

**थाना दुद्धी की साइबर टीम द्वारा आवेदक के द्वारा गलती से किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भेजे गये धनराशि कुल 95000/- रुपये उसके मूल खाते मे कराया गया वापस-**

अवगत कराना है कि आवेदक संदीप कुमार पुत्र जयप्रकाश सिंह निवासी ग्राम दुम्हान थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र के द्वारा यूपीआई से भेजते समय गलती से किसी अन्य व्यक्ति को 95000/- रुपये भेज देने के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल cybercrime.gov.in के माध्यम से आनलाईन शिकायत दर्ज कराया गया था ।

साइबर अपराध एंव अपराधियों के नियन्त्रण हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के दिशा-निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के कुशल नेतृत्व में थाना दुद्धी की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक के गलती से गये धनराशि के खाते को होल्ड कराया गया तथा NCRP पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके संबन्धित बैंक शाखा को जरिये ईमेल पत्राचार करके आवेदक के कुल धनराशि 95000/- रुपये उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया । आवेदक द्वारा थाना दुद्धी की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

**धनराशि वापस कराने वाली टीमः-**

01. प्र0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।
02. नि0 अपराध राजेश सरोज थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।
03. का0 मन्तोष कुमार थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।
04. म0का0 संध्या यादव थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।

**नोटः - साइबर अपराध की घटना होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल या नजदीकी थाने पर रिपोर्ट या cybercrime.gov.in पर लॉगिन कर तुरन्त शिकायत दर्ज करायें।**